करधनी-गोविंदपुरा में जलदाय विभाग के ऑफिस के लिए जमीन देगा जे.डी.ए.

मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के मुताबिक कामकाजी महिलाओं के लिये हॉस्टल और पेइंग गेस्ट सुविधा के लिए भी रामचंद्रपुरा योजना में 3656 वर्गमीटर भूमि आवंटित का निर्णय

जयपुर (कासं)। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में सोमवार को भूमि एवं संपत्ति निस्तारण समिति की 205वीं बैठक हुई। बैठक में निर्णय हुआ कि कालवाड़ रोड पर गोविंदपुरा करधनी योजना के सी ब्लॉक के संस्थानिक भूखण्ड संख्या सी-2 की 3911 वर्गमीटर जमीन में से 1500 व.मी. भूमि पर जलदाय विभाग को सहायक अभियन्ता उपखण्ड कार्यालय के लिए नि:शुल्क दी जाये। इस प्रस्ताव को जेडीए प्रशासन ने मंजूर करते हुए राज्य सरकार की स्वीकृति के लिए भिजवाने का निर्णय लिया है।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अनुरूप जोन-9 में कामकाजी महिलाओं के लिये हॉस्टल और पेइंग गेस्ट सुविधा के लिए जे.डी.ए. की रामचन्द्रपुरा योजना में भूखण्ड संख्या 30 की 3656 वर्ग मीटर जमीन का आवंटन का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। यह प्रकरण की राज्य सरकार की इजाजत के लिए भिजवाया जायेगा। इसी प्रकार जोन-13 में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अनन्तपुरा (जैतपुरा) चौमूं के भवन निर्माण के लिए अनन्तपुरा ग्रुप हाउसिंग योजना के आरक्षित भूखण्ड क्षेत्रफल 15885.98 वर्गमीटर में से 4000 वर्गमीटर भूमि का आवंटन का प्रस्ताव भी मंजूर किया गया है। यह प्रकरण भी राज्य सरकार के पास स्वीकृति के लिए भिजवाया जायेगा। इसी प्रकार जोन-13 में अधिषाषी अधिकारी, नगरपालिका बस्सी जयपुर के राजस्व ग्राम बस्सी के खसरा नं. 1285 की चारागाह की 3.18 रकबा जमीन में से ठोस कचरा प्रबंधन/एमआरएफ और एफएसटीपी की स्थापना के लिए करीब 8000 वर्गमीटर भूमि संस्थानिक आरक्षित दर पर आवंटन का प्रस्ताव मंजूर किया गया है।

जे.डी.ए. कमिश्नर आनंदी ने सोमवार को भूमि एवं संपत्ति निस्तारण समिति की 205वीं बैठक की अध्यक्षता की।

- बस्सी में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए 8 हजार वर्गमीटर भूमि का आवंटन किया जायेगा

परफॉर्मेंस सुधारो नहीं तो होगी कठोर कार्रवाई : सोनी

जयपुर (कासं)। महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी द्वारा सोमवार को महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशकों तथा मुख्यालय के योजना प्रभारियों की वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं तथा महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र योजना, महिलाओं के प्रशिक्षण की योजनाओ, वन स्टॉप सेंटर योजना में वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों को प्राप्त करने और बजट को गाइडलाइन अनुसार उपयोग करने में कोई कोताही नहीं बरती जाए। सोनी ने साथिनों को मानदेय व अन्य बकाया भुगतान समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस वित्तीय वर्ष के शेष तीन महीनों में विभिन्न योजनाओं के भौतिक और वित्तीय लक्ष्य हासिल करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना और प्रतिबद्धता से कार्य किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने अगले महीने में परफॉर्मेंस में सुधार नहीं करने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। इस बैठक में सभी ज़िलों के उपनिदेशक, आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त, योजना प्रभारी एवं महिला अधिकारिता विभाग के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

एक्सप्रेस हाईवे पर लहूलुहान हालत में मिले युवक की मौत

जयपुर। मुरलीपुरा इलाके एक्सप्रेस हाईवे पर लहूलुहान हालत में मिले युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक्सप्रेस हाईवे पर वह रोड किनारे पड़ा मिला था। पुलिस जांच में अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत होना सामने आया है। सडक दुर्घटना थाना (पश्चिम) पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। सडक दुर्घटना (पश्चिम) पुलिस ने बताया कि मुरलीपुरा इलाके में दादी का फाटक के पास एक्सप्रेस हाईवे पर लहूलुहान हालत में युवक पड़ा मिला। राहगीरों को एक्सप्रेस हाईवे पर रोड किनारे लहूलुहान हालत में उसे देख पुलिस को सूचित किया। सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर हालत में उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत होना सामने आया। पुलिस ने मृतक की पहचान नहीं होने पर शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 30 साल की है। पुलिस मृतक की पहचान के साथ अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

युवक का अपहरण कर रुपए लूटे

जयपुर। शिप्रापथ थाना इलाके में एक युवक का अपहरण कर रुपए लूटने का मामला सामने आया है। बोलेरो केम्पर में जबरन उठा ले गए बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाने में पीड़ित युवक नेमामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि मानसरोवर निवासी योगेश स्वामी (22) ने ममला दर्ज करवाया है कि उसका छोटा भाई विजय शिप्रापथ स्थित एक पीजी में रहकर कॉलेज में पढ़ रहा है। पीजी का माहौल सही नहीं होने के कारण 26 दिसम्बर को खाली कर दिया। 28 दिसंबर को पीजी में जमा सिक्योरिटी रकम लेने छोटे भाई व दोस्तों के साथ गया। पीजी के गेट पर खड़े होकर बातचीत के दौरान पीजी मालिक अपने 5-7 लड़कों के साथ बाहर आया। डंडे-सरिए लेकर आए हमलावरों ने छोटे भाई से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट का वीडियो बनाने के दौरान उससे मोबाइल छीन लिया। बोलेरो कैम्पर में डालकर उसे द्रव्यवती नदी की तरफ ले गए। जान से मारने की धमकी देकर जेब में रखे 4 हजार 800 रुपए छीन लिए। पुलिस शिकायत करने पर बुरा हाल करने की धमकी देकर भगा दिया। पुलिस जांच में जुटी है।

जयपुर जिले में 14 जनवरी को होगा ''लाडेसर अभियान'' का शुभारंभ

कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की स्थिति में सुधार का जरिया बनेगा यह अभियान : कलेक्टर जितेन्द्र सोनी

कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेकर ''लाडेसर अभियान'' की तैयारियों पर चर्चा की।

जयपुर (कासं)। जयपुर जिले में 14 जनवरी को ''लाडेसर'' अभियान का शुभारंभ होगा। इसके लिए सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की स्थिति में सुधार के लिए जिले में लाडेसर अभियान के शुरुआत की गई है। अभियान के तहत कम वजन और अति कम वजन वाले बच्चों के पोषण पर निगरानी रखी जाएगी। ऐसे बच्चों को प्रतिमाह एक-एक लाडेसर पोषाहार किट का वितरण किया जाएगा। साथ ही इसके उपयोग के सुनिश्चितता के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बच्चों के माता-पिता की समझाइश की जाएगी। इसके साथ ही नियमित रूप से बच्चों की प्रति 10 दिवस में वजन, ऊंचाई व लंबाई ली जाएगी। कलेक्टर ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी को अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। बैठक में महेश शर्मा उप निदेशक समेकित बाल विकास विभाग, उप निदेशक सिकरा राम चोयल समेत कई अधिकारी थे।

स्मैक तस्कर पुलिस गिरफ्त में

जयपुर (कासं)। जालूपुरा पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर उत्तर ने स्मैक की तस्करी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से 8.25 ग्राम स्मैक भी बरामद की है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जालूपुरा थाना पुलिस और जयपुर डीएसटी उत्तर ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले तस्कर फैजान खान निवासी भट्टा बस्ती जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 8.25 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

7वां ''राजरंगम'' जवाहर कला केन्द्र में 2 जनवरी से शुरू होगा

जयपुर (कासं)। नववर्ष की शुरुआत राजस्थानवासियों के लिए मनोरंजन भरी रहने वाली है। कला प्रेमियों को रंगमंच के रंगों से रंगने के लिए 2 से 6 जनवरी 2025 तक जवाहर कला केन्द्र में 7वां राजरंगम् (राजस्थान रंग महोत्सव) होगा। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और एक्टर्स थिएटर एट राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राजरंगम् में रंगमंच और साहित्य का समागम देखने को मिलेगा।

राजरंगम् निदेशक डॉ. चन्द्रदीप हाड़ा ने बताया कि राजरंगम् में 150 से अधिक कलाकार अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे, महोत्सव में 5 नाटकों का मंचन किया जाएगा। दो जनवरी को शाम 6:30 बजे रंगायन सभागार में नाटक कालपुरुष:क्रांतिकारी वीर सावरकर के मंचन के साथ महोत्सव की शुरुआत होगी। डॉ. चन्द्रदीप हाड़ा के निर्देशन में होने वाले नाटक की कहानी जयवर्धन ने लिखी है जो की क्रांतिकारी वीर सावरकर की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालती है। 3 जनवरी को योगेन्द्र सिंह के निर्देशन में नाटक एनिमी ऑफ द पीपल का मंचन होगा। नाटक की कहानी हेनरिक इब्सन ने लिखी है और नाट्यय रुपांतरण नेमीचन्द्र जैन ने किया है। नाटक में दर्शाया गया है कि किस तरह दुनिया ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति को जनशत्रु बना देती है।

4 जनवरी को गुरुदेव रबीन्द्र नाथ टैगोर की कहानी पर आधारित नाटक चित्रांगदा का मंचन होगा जिसका निर्देशन संकेत जैन ने किया है। यह नाटक महाभारत युग में दर्शकों को ले जाता है, मंच पर अर्जुन और चित्रांगदा की प्रेम कहानी को दर्शाया जाता है। 5 जनवरी को सुनीता तिवारी नागपाल (एनएसडी) के निर्देशन में पीले स्कूटर वाला आदमी नाटक का मंचन होगा। मानव कौल की यह कहानी आम आदमी के जीवन के विभिन्न पहलुओं को बड़ी संजीदगी के साथ बयां करती है।

इस दिन कृष्णायन सभागार में शाम 3 बजे से भारत की कला, संस्कृति और आपदा प्रबन्धन विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी, जिसमें नाट्य निर्देशक चर्चा करेंगे। महोत्सव का समापन धीरज भटनागर निर्देशित नाटक चित्रलेखा के मंचन के साथ होगा। नाटक की कहानी पद्मभूषण भगवती चरण वर्मा ने लिखी है, पाटलीपुत्र की प्रसिद्ध नृत्यांगना चित्रलेखा इस नाटक का केन्द्र है।

जवाहर कला केन्द्र में आयोजित होने वाले राजरंगम् समारोह के पोस्टर का विमोचन निदेशक डॉ. चन्द्रदीप हाड़ा ने किया।

- नए साल में होने वाले इस महोत्स्व में पांच 5 नाट्य प्रस्तुति होंगी

मुरलीपुरा में पुलिस अफसर के घर चोरी

जयपुर (कासं)। मुरलीपुरा इलाके में एक पुलिस अधिकारी के घर चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया है कि उसका परिवार गांव गया था और रात्रि गश्त में उनकी ड्यूटी लगी हुई थी। मेन गेट का लॉक तोड़कर घुसे बदमाश लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी चुरा ले गए। पुलिस ने एफएसएल की मदद से सबूत जुटाए हैं।

पुलिस ने बताया कि मुरलीपुरा के आर्य नगर में रहने वाले सीताराम राजस्थान पुलिस में जयपुर में अतिरिक्त डीसीपी के पद पर कार्यरत है। 28 दिसम्बर को सुबह उनका परिवार रिश्तेदारों से मिलने गांव चला गया। 29 दिसम्बर की रात को रात्रि गश्त में ड्यूटी होने के कारण वह घर लॉक कर चले गए। सूने मकान को बदमाशों ने चोरी की नीयत से निशाना बनाया और दीवार कूदकर अंदर घुसे बदमाश मेन गेट का लॉक तोड़कर अंदर घुसे। अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और दस हजार रुपए चोरी कर ले गए। रात्रि गश्त ड्यूटी पूरी कर सुबह घर लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने के साथ चोरों की तलाश कर रही है।

किसानों को वर्ष 2024-25 में 3.62 लाख क्विंटल बीज वितरित

जयपुर। राजस्थान स्टेट सीड्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने कहा कि प्रदेश में अच्छी पैदावार के लिए उच्च गुणवता एवं उन्नत किस्म का बीज जरूरी है। उन्होंने कहा कि निगम इसके लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, जिससे फसलों की उपज के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि हो सके।

राजन विशाल की अध्यक्षता में सोमवार को दुर्गापुरा स्थित श्याम ऑडिटोरियम में राजस्थान स्टेट सीड्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड की 46वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि किसानों को उच्च गुणवतायुक्त बीज उपलब्ध कराने हेतु वर्ष 2015 से खरीफ फसलों के प्रमाणित बीजों का जी.ओ.टी. परीक्षण करवाया जा रहा है। इस प्रक्रिया को निरन्तर रखते हुए, वर्ष 2020-21 से रबी फसलों के प्रमाणित बीजों का भी जी.ओ.टी. करवाया जा रहा है। जी.ओ.टी. परीक्षण करवाने से बीजों की आनुवांशिक गुणवता सुनिश्चित हो रही है। राजसीड्स देश की प्रथम संस्था है जो प्रमाणित बीज की जी.ओ.टी. कराकर ही किसानों को बीज उपलब्ध कराती है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में 3 लाख 69 हजार क्विंटल प्रमाणित एवं सत्य चिन्हित बीज उत्पादन किया गया है। 2024-25 में खरीफ व रबी फसलों में प्रमाणित व आधार बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत 46 हजार 306 हैक्टेयर क्षेत्र में बुवाई की गई है, जिसमें 7.34 लाख क्विंटल रॉ-बीज का उत्पादन संभावित है। जायद 2024 में संकर बाजरा बीजोत्पादन कार्यक्रम अन्तर्गत बीसलपुर बांध क्षेत्र में 483 क्विंटल रॉ-बीज का उत्पादन हुआ है।

राजन विशाल ने कहा कि रबी 2023-24 में उत्पादित गेंहू व जौ प्रमाणित व आधार बीज उत्पादन पर देय प्रीमियम राशि में रबी 2022-23 की तुलना में वृद्धि कर दोनों ही फसलों के प्रमाणित बीज उत्पादन 10 वर्ष तक अधिसूचित किस्मों हेतु 225 रूपये प्रति क्विंटल से बढाकर 350 रूपये प्रति क्विंटल एवं 10 वर्ष से अधिक अधिसूचित किस्मों हेतु 175 रूपये प्रति क्विंटल से बढाकर 350 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिसके कारण रबी 2024-25 में गत वर्ष से लगभग गेंहू में 26 प्रतिशत एवं जौ में 36 प्रतिशत बुवाई क्षेत्र में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि बीज उत्पादन के लिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, साथ ही छोटी जोत के कृषकों को भी जोडने का कार्य निगम कर रहा है। राजस्थान ऑर्गेनिक फार्मिंग बोर्ड का गठन किया गया है, जो किसानों की ऑर्गेनिक पैदावार को उचित मूल्य दिलवाने व ऑर्गेनिक उत्पादों के विपणन में सहयोग करेगा।

50 हजार रु. तक की राशि से सम्मानित होंगे युवा महोत्सव के प्रतिभागी

'राजस्थान युवा महोत्सव 8 से 12 जनवरी तक होगा, यूथ आइकॉन अवार्ड विजेताओं को एक लाख रु. मिलेंगे'

जयपुर। राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 8 से 12 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों के संबंध में सोमवार को युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव नीरज के. पवन की अध्यक्षता में एसएमएस स्टेडियम के मीटिंग हॉल में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

पवन ने बताया कि यह चार दिवसीय महोत्सव विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार थीम पर आधारित होगा। इसका आयोजन सवाई मानसिंह स्टेडियम में किया जाएगा। महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को 50 हजार, द्वितीय स्थान पर 25 हजार और तृतीय स्थान पर 10 हजार रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों एवं योजनाओं की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस संबंध में संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। चार दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रत्येक दिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा तथा आमजन भी इस महोत्सव के प्रत्यक्ष साक्षी होंगे।

युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर कला, संस्कृति, सामाजिक कार्य, विज्ञान और तकनीकी, नवाचार, साहसिक कार्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को राजस्थान यूथ आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

चयनित युवाओं को एक लाख रुपए और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। पवन ने यह भी बताया कि राज्य स्तरीय युवा महोत्सव और यूथ आइकॉन अवार्ड में चयनित प्रतिभागियों को 12 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही, युवा दिवस पर आयोजित 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025 में भाग लेने के लिए राजस्थान दल को 9 जनवरी को नई दिल्ली रवाना किया जाएगा।

युवा मामलात व खेल शासन सचिव नीरज के. पवन ने अफसरों की बैठक ली।

सार-समाचार

उपमुख्यमंत्री ने किया राधिका का सम्मान

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने डांस प्रतियोगिता में पार्टिसिपेट करने वाली राधिका को उसके बेहत्तर नृत्य प्रदर्शन पर सम्मानित किया। राधिका ने कोक्लियर इंप्लांट ग्रुप की ओर से डांस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। राधिका के पिता पंडित श्रीराम जोशी निवासी ग्रीन पार्क, आगरा रोड ने बताया कि उनकी बेटी ने हाल ही में दिल्ली में हुई 67वीं नेशनल चैंपियनशिप पिस्टल प्रतियोगिता 2024 क्वालीफाई किया। राधिका पूर्व में आयोजित 22वीं राजस्थान राइफल डैफ वुमन स्टेट चैम्पियनशिप में भी 334 स्कोर के साथ चौथी रैंक प्राप्त कर चुकी है। प्री-नेशनल शूटिंग में सिल्वर मैडल प्राप्त कर चुकी है। फिलहाल राठ शूटिंग स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच विश्वेंद्र डागर के सानिध्य में राधिका, शूटिंग में ट्रेनिंग ले रही है। शूटिंग के साथ-साथ डांस में भी उसकी विशेष रूचि है। राधिका ने हाल ही में कोक्लीयर इंप्लांट ग्रुप के द्वारा डांस में पार्टिसिपेट किया था, उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सम्मानित किया। राधिका के पिता पंडित श्रीराम जोशी ने राजस्थान सरकार से निवेदन किया है कि, ऐसी प्रतिभाशाली बच्चियों को आगे बढ़ाने में सहयोग करके उनका मनोबल बढ़ाएं।

प्रो.गोयल विकल्प संस्था के अध्यक्ष बने

जयपुर। सुप्रसिद्ध रंगकर्मी प्रोफ़ेसर मोहनलाल गोयल को विकल्प नाट्य संस्था का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने मीरा नृत्य नाटक सहित 20 से अधिक नाटकों का निर्देशन किया जिनका 25 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन हुआ। उन्होंने नृत्य नाटक धरती धोरां री का भी निर्देशन किया, जिसे 2011में मॉरीशस के राष्ट्रपति के सम्मान में प्रस्तुत किया गया था।गोयल को पाँच दशक काशैक्षिणक क्षेत्र में सेवा का अनुभव है। उन्होने क्षेत्रीय निदेशक के रूप में राजस्थान के अग्रणी डीएवी संस्थानों की जिम्मेदारी भी संभाली। उन्हें 26 देशों काअंतरराष्ट्रीय और वैश्विक अनुभव है। वे भारत और पाकिस्तान में दक्षिण एशियाई बिरादरी और फोरम फॉर पीस एंड डेमोक्रेसी के कार्यकारी सदस्य हैं। प्रो. गोयल ने बताया कि अगले वर्ष मार्च मेँ जवाहर कला केन्द्र मेँ संस्था का भव्य स्वर्ण जयंती समारोह मनाया जाएगा। चुनाव मेँ बीडी कृपलानी महासचिव और हरीनारायण कोषाध्यक्ष मुकुन्द अग्रवाल संरक्षक, फारूक आफरीदी, प्रेमचंद गांधी और सुशील गुप्ता सलाहकार, वुजय स्वामी मीडिया प्रभारी चुने गए।

वार्षिकोत्सव में छाया देशभक्ति प्रेम

जयपुर। सीकर रोड स्थित सन राइज स्कूल के वार्षिकोत्सव ''उमंग-2024'' में बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गानों से सर्दी की शाम को जोशीला बनाया। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति से अभिभावकों व स्कूल के स्टॉफ को देशभक्ति के जोश से भर दिया। तालियों की गूंज से सर्द शाम में गर्मी अहसास दिला दिया। दादी का फाटक स्थित रजत पैराडाइज में आयोजित ''उमंग'' कार्यक्रम में जब छात्र-छात्राओ ने देश भक्ति गानों ''तेरी मिट्टी में मिल जावा... व लगान के गानों पर प्रस्तुति दी तो दर्शकों ने खड़े होकर जमकर तालियां बजाकर हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं के टॉपर्स को सम्मानित भी किया गया। स्कूल के चेयरमैन गोपाल यादव, डायरेक्टर सतीश यादव, प्रिंसिपल मोनिका यादव व बीना शेखावत ने अतिथियों महाराज परमानंद, आरजेएस संकर लाल गुप्ता, आरपीएस रजनीश पूनिया, डॉक्टर सोमेश गोयल व नगर निगम चेयरमैन रश्मि सैनी को साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।

हरियाणा समिति ने देखी विधानसभा

जयपुर। हरियाणा विधानसभा की शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं सेवाओं संबंधी विषय समिति ने राजस्थान विधानसभा भवन और राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन किया। राजस्थान विधानसभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा ने हरियाणा की इस समिति के सभापति राम कुमार कश्यप को पुष्प गुच्छ एवं राजस्थान विधानसभा का साहित्य भेंट कर अभिवादन किया। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा की शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं सेवाओं संबंधी विषय समिति के सदस्य इन्दूराज, धनेश अदलखा, हरिंदर सिंह, शक्ति रानी शर्मा, देवेन्द्र हंस, जस्सी पेटवार, मनदीप चट्ठा, देवेन्द्र कादयान, ओम प्रकाश यादव, शैली चौधरी, बलराम डांगी सहित विधानसभा के उप सचिव (विधान) नन्द किशोर शर्मा, सहायक सचिव छवि प्रकाश एवं सहायक सचिव दिनेश कुमार शर्मा मौजूद थे।

स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन

जयपुर। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वाधान में नारायणा हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य परिचर्चा कार्यक्रम होटल दा फर्न, टोंक रोड पर आयोजित किया गया। संस्था के जयपुर शहर महामंत्री विष्णु बियानी ने बताया कि नारायण हॉस्पिटल के डॉक्टर देवेंद्र श्रीमाल व वैभव माथुर ने लोगों को बीमारियों और उनके उपचार बताए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ किय ागया। इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए डॉक्टर्स का संस्था के पदाधिकारियों ने सम्मान किया। कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश महामंत्री केशव गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, जिला अध्यक्ष राजेश ताम्बी, जिला महामंत्री अनिल लोहिया, जयपुर शहर अध्यक्ष सुधीर नाटाणी, जयपुर शहर कोषाध्यक्ष अभिषेक मोदी, अजय शर्मा, दिनेश मेहता, घनश्याम शर्मा, सुनील अग्रवाल, अतुल अग्रवाल व अन्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

मूल प्रमाण पत्र का सत्यापन 8-9 को

जयपुर। कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती परीक्षा 2023 के तहत तहसील राजस्व लेखाकार पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण-पत्रों का सत्यापन राजस्व मण्डल अजमेर में आगामी 8 एवं 9 जनवरी को किया जाएगा। राजस्व मंडल निबंधक महावीर प्रसाद ने बताया कि 179 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच का कार्य, कार्यालय समय में प्रात: 11 बजे से सायं 5 बजे के मध्य किया जाएगा। इनमें 8 जनवरी को 100 अभ्यर्थी तथा 9 जनवरी को 79 चयनित अभ्यर्थी व्यक्तिश: राजस्व मंडल में उपस्थित होकर दस्तावेजों के जांच करवा सकेंगे। चयनित अभ्यर्थियों की सूची मण्डल कार्यालय की बेवसाइट पर देखी जा सकती है।

राजभाषा समिति की बैठक आयोजित

जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल पर सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही अवधि की हिंदी प्रयोग के प्रगति की समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति में उपलब्ध कराई गई राजभाषा निरीक्षण की चैकलिस्ट को मंडल के साथ-साथ स्टेशनों को भी परिपत्रित करने को कहा, ताकि लक्ष्यों के अनुरूप हिंदी का प्रयोग किया जा सके। रेल प्रबंधक ने ई-समाचार बुलेटिन के 45वें अंक एवं जयपुर मंडल की राजभाषा वार्षिक पत्रिका मरूगंधा, वर्ष-2024 का विमोचन भी किया गया। इस दौरान राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता अधिकारी वर्ग के लिए तथा फुलेरा स्टेशन पर आयोजित राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। समिति सचिव एवं वरि. राजभाषा अधिकारी शिवचरण बैरवा ने बैठक की निर्धारित कार्यसूची की सभी मदों पर चर्चा की।